Helpline 1064

94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **हनुमानगढ़ में कनिष्ठ लेखाकार 15 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों किया गिरफ्तार**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी**

जयपुर, *05 मई, गुरूवार।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी हनुमानगढ़ इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये कमल असीजा कनिष्ठ लेखाकार कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी हनुमानगढ़ को परिवादी से **15 हजार रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की हनुमानगढ़ इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि सेवानिवृत्ति प्रकरण की फाइल के आक्षेपों की पूर्ति कर पास करवाने की एवज में कमल असीजा कनिष्ठ लेखाकार कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी हनुमानगढ़ द्वारा **15 हजार रूपये** की रिश्वत राशि मांग कर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी, बीकानेर के **पुलिस अधीक्षक श्री गगनदीप सिंगला** के सुपरवीजन में एसीबी हनुमानगढ़ इकाई के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री तेजपाल** के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री सुभाषचंद्र** मय टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुये कमल असीजा पुत्र श्री गुरूबचन सिंह निवासी वार्ड नं. 29, गुरूद्वारा रोड़, गुरूनानक बस्ती, संगरिया, जिला हनुमानगढ़ हाल कनिष्ठ लेखाकार कार्यालय मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी हनुमानगढ़को परिवादी से **15 हजार रूपये** रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ एवं उसके निवास एवं अन्य ठिकानों की तलाशी जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।